कुमकी हाथी

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में आंध्र प्रदेश और कर्नाटक ने आंध्र प्रदेश में हाथियों के आतंक को नियंत्रित करने के क्रम में कर्नाटक से प्रशिक्षित हाथियों (कुमकी) को लाने के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

- इसमें हाथियों को पकड़ने के लिये विशेषज्ञ टीम की तैनाती, **महावतों का प्रशिक्षण कार्यक्रम,** ज्ञान हस्तांतरण, जानवरों को पकड़ने और उन्हें डार्ट करने के लिये मानक संचालन प्रक्रिया (SOP), पोषण एवं खाद्य पदार्थ के साथ कार्यशालाएँ एवं सेमिनार शामिल हैं।
- कर्नाटक से 62 कुमकी हाथियों को उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में स्थानांतरित किया गया है।

कुमकी:

- **कुमकी शब्द का प्रयोग भारत में प्रशिक्षित बंदी एशियाई हाथियों को** संदर्भित करने के लिये किया जाता है।
- ये **घायल जंगली हाथियों का पता लगाने, उन्हें बचाने एवं उनके उपचार में सहायता करने के साथ** उन्हें मानव बस्तियों से दूर भगाने में सहायक हैं।
  - कुछ हाथियों को **आदेशों का पालन करने तथा** अन्य हाथियों को प्रशिक्षित करने में सहायता करने के लिये प्रशिक्षित किया जाता है।
  - ये संरक्षण पहलों का **समर्थन करने के क्रम में वन गश्ती** में भाग लेते हैं।
- भारत में विश्व के लगभग **60%** एशियाई हाथी हैं। वर्ष 2017 की गणना के अनुसार अनुमानित 27,312 हाथी तथा 138 चिन्हित **हाथी गलियारे हैं।**
- हाथियों में **गर्भावधि लगभग 22 माह की होती है,** जो किसी भी स्थलीय जानवर की तुलना में सबसे लंबी है।
- एशियाई हाथियों (भारतीय) को **IUCN रेड लिस्ट** में **लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है।**

अधिक पढ़ें: बंदी हाथी (स्थानांतरण या परिवहन) नियम, 2024

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kumki-elephants